पाइपिंग फुट

इस ट्यूटोरियल में आप उषा जेनोम पाइपिंग फुट का उपयोग और इस फुट का उपयोग करके सीम के अंदर कॉर्ड कैसे डालें यह सीखेंगे।

पाइपिंग किनारों को स्टाइल प्रदान करने में मदद करता है और उसमे ताकत जोड़कर उन्हें विशेष बनाता है। आमतौर पर इसका उपयोग कपड़ों और घरेलू एक्सेसरीज में किया जाता है और सिलाई प्रोजेक्ट्स की विविध श्रृंखला में रचनात्मक रूप से इस्तेमाल किया जा सकता है।

इस ट्यूटोरियल के लिए आपको आवश्यकता होगी: उषा जेनोम पाइपिंग फुट, कपड़े की 10 X 2 इंच की पट्टी, कपड़े का 10 X 10 इंच का चौक टुकड़ा, कुछ कॉर्ड, धागे और कैंची की एक जोड़ी जैसा कि यहाँ दिखाया गया है।

यह पाइपिंग फुट है - इसे ध्यान से देखें और आप देखेंगे कि इसके नीचे दो खांचे हैं - ये पाइपिंग करते समय कॉर्ड को पकड़ते हैं और कवर करते हैं। अब एक परफेक्ट पाइपिंग कैसे प्राप्त करे यह जानने के लिए निर्देशों का पालन करें... नार्मल प्रेसर फुट को निकालें और पाइपिंग फुट पर स्नैप करें।

अब फैब्रिक की स्ट्रिप लें, कॉर्ड को फैब्रिक स्ट्रिप के बीच में रखें, और कॉर्ड को लंबाई के मुताबिक काट ले। स्ट्रिप को कॉर्ड के ऊपर किनारों इकट्ठी हो ऐसे फोल्ड करे। मैं जैसे करती हूँ वैसे इसे मजबूती से पकड़ें और कॉर्ड के साथ फोल्ड किये हुए कपड़े को पाइपिंग फुट के नीचे रखें।



अपनी मशीन को स्ट्रेट स्टिच पर सेट करें। उसके बाद स्टीच लेंथ को 2 और 3 के बीच रखे और स्टीच चौड़ाई को बढाकर 4 और 5 के बीच रखे।

स्टार्ट दबाए और सिलाई शुरू करे। कॉर्ड को सुरक्षित करने के लिए आप कपड़े को पिन करके भी सिलाई कर सकते हैं। मशीन की गति को धीरे-धीरे एक कुशल लेकिन आरामदायक स्तर तक बढ़ाएं।

आपकी पाइपिंग तैयार है। कॉर्ड और धागे की अतिरिक्त किनारों को काट ले।

अब कपड़े का बड़ा टुकड़ा लें और पाइपिंग को किनारे पर कपड़े के दाईं ओर इस तरह से रखें।

फैब्रिक के ऊपर के पाइपिंग पर सिलाई करते वक्त कॉर्डेड पाइपिंग को आसानी से पास होने देने के लिए बाईं ओर के खांचे का उपयोग करें। सुई को पाइपिंग पर सिलाई की गई रेखा के साथ संरेखित करें। अब स्टीच की चौड़ाई को घटाकर 2.5 करें और सिलाई शुरू करें।

अब बेहतर फिनिशिंग के लिए, जैसे मैं करती हूँ वैसे, पाइपिंग को कपड़े के नीचे फोल्ड करे। सिलाई की चौड़ाई को 4 तक बढ़ाएं और सिलाई शुरू करें।

यह आपके फिनिशिंग में सुंदरता जोड़ देगा।

आप विभिन्न सिलाई प्रोजेक्ट्स में एक सजावटी अलंकरण के रूप में पाइपिंग का उपयोग कर सकते हैं और हेमलाइन्स और नेकलाइन्स या किसी भी गारमेंट की एज को सुंदरता देने के लिए इसका उपयोग करते हैं जो आपको लगता है कि आपके कपडे के दिखाव को सँवार सकता है। अपनी एक्सेसरीज, आर्ट प्रोजेक्ट्स, रजाई आदि के ऊपर अतिरिक्त किनारी जोड़ने के लिए पाइपिंग का उपयोग करे और मज़े ले... तो बस शुरू करे और एक आकर्षक पाइपिंग फिनिशिंग की प्रैक्टिस का आनंद ले!